Final Year M.A. Degree Examinations
August/September 2009
Directorate of Correspondence Course
(Freshers)

HINDI LANGUAGE
Paper - V : Prachin Evam Madhyakaleen Hindi Kavya
प्राचीन एवं मध्यकालिन काव्य

Time: 3 Hours | Max. Marks: 80

I. निम्नलिखित में से दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- **10x2=20**

अ) नन्दक नन्दन कदम्बक तरू-तल, धिरे-धिरे मुरली बजाव ।
समय संकेत-निकेतन बइसल, बेरि-बेरि बोलि पठाव ।
सामरि, तोरा लागि, अनुखन विकल मुरारि ।
जमुनाक तिर उपवन उदवेगल, फिर-फिंर ततहिं निहारि ।
गोरस बेचए अवइत-जाइत जनि-जनि पुछ वनमारि ।
तोहे मति मान सुमति मधुसूदन, वचन सुनह किछु मोरा ।

आ) सावन बरिस मेह अति पानी / भरनि भरइ हौं बिरह झूरानी ।
लागु पुनर्वसु पीउ न देखा । भै बाउरि कहँ कंत सरेखा ।
रकत क आँसु परे भुई टूटी । रेंगि चली जनु बीर बहूटि ।
सखिन्ह रचा पिउ संग हिंडोला । हरियर भुई कुसुंभि तन चोला ।
हिय हिंडोल जस डौलै मोरा । बिरह भुलावै देंइ झंकोरा ॥

इ) उद्धव ! यह मन निस्चय जानो ।
मन क्रम बच मैं तुम्हें पठावत ब्रज को तुरत पलानो ॥
पूरन ब्रहम, सकल अविनासी ताके तुंम हौ ज्ञाता ।
रेख, न रूप, जाति कुल, नाहीं जाके नहिं पितु माता ॥
यह मत दै गोपिन कहँ आवडु बिरह नदी मैं भासति ।
सूर तुरत यह जाय कहौ तुम ब्रहम बिना नहिं आसति ॥

ई) बिनु गुर होइ कि ग्यान ग्यान कि होइ बिराग बिनु ।
गावहिं बेद पुराना सुख कि लइिअ हरि भगति बिनु ॥
कोउ बिश्राभ कि पाव तात सहज संतोष बिनु ।
चलै कि जल बिनु नाव कोरि जतन पचि-पचि भरिअ ॥

II) किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 10x6=60

1) विद्यापति की राधा की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।
2) विद्यापति की 'पदावली' के भाव सौंदर्य को निरुपित कीजिए ।
3) कबीर के रहस्यवाद पर प्रकाश डालिए ।
4) कबीर के विरह भाव को सोदाहरण समझाइए ।
5) 'पद्मावत' के आधार पर जायसी की भाषा पर लेख लिखिए ।
6) तुलसीदास के 'रामचरित मानस' की सोद्देश्यता को समझाइए ।
7) 'भ्रमरगीत' की विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।
8) पठित दोहों के आधार पर बिहारी के काव्य सौंदर्य का विवेचन कीजिए ।

* * *

Final Year M.A. Degree Examinations
August/September 2009
Directorate of Correspondence Course
(Freshers)

HINDI LANGUAGE
Paper - VI : Bhasha Vignan Aur Hindi Basha Ka Itihas
भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा का इतिहास

Time: 3 Hours Max. Marks: 80

सूचना : प्रत्येक खंड से **तीन-तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । पाँचवा और दसवाँ प्रश्न अनिवार्य है ।

प्रथम खंड 10x2=20

1) भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए भाषाविज्ञान का व्याकरण के साथ संबंध स्थापित कीजिए ।
2) भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा की उत्पति के सिद्धान्तों की चर्चा कीजिए ।
3) भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण पर विचार कीजिए ।
4) ध्वनि परिवर्तन के कारणों पर एक समीक्षात्मक लेख लिखिए ।
5) किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए । 5x4=20
   1) भाषा विज्ञान की उपयोगिता
   2) पूर्वी हिन्दी और पश्चिमी हिन्दी
   3) ध्वनिनियम
   4) अर्थतत्व
   5) हिन्दी की विभिन्न बोलियाँ
   6) हिन्दी के परसर्ग

द्वितीय खंड 10x2=20

6) हिन्दी के विकास पर एक निबंध लिखिए ।
7) भाषा और लिपि का अंतर स्पष्ट करते हुए भारत में लिपि के विकास पर प्रकाश डालिए ।
8) शब्द भंडार का तात्पर्य समझाते हुए उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ।
9) अर्थपरिवर्तन की दिशाओं को सोदाहरण समझाइए ।
10) किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए । 5x4=20
   1) अर्थविस्तार
   2) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता
   3) देशज शब्द
   4) उर्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तानी
   5) रूप परिवर्तन

* * *

Final Year M.A. Degree Examinations
August/September 2009
Directorate of Correspondence Course
(Freshers)

HINDI LANGUAGE
Paper - VII : Bharteeya Evam Paschatya Kavya Shastra
भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशस्त्र

Time: 3 Hours Max. Marks: 80

सूचना : किन्हीं **तीन** प्रश्नों का उत्तर दीजिए ।

खंड-अ 10x3=30

1) काव्य के विविध रूपों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
2) ध्वनि सिद्धान्त तथा सम्प्रदाय की समीक्षा कीजिए ।
3) रसनिष्पत्ति सूत्र देते हुए अभिनवगुप्त के मत को प्रतिपादित कीजिए ।
4) काव्य की विविध परिभाषाओं को प्रस्तुत करते हुए काव्य के पाश्चात्य लक्षणों को प्रस्तुत कीजिए ।
5) काव्य में 'अलंकारों' का महत्व स्थापित करते हुए शब्दालंकारों की चर्चा कीजिए ।
6) किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए । 5x2=10
   अ) काव्य का वर्गीकरण आ) खंडकाव्य
   इ) काव्य प्रयोजन ई) रीति के प्रकार

खंड-आ 10x3=30

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

7) अरस्तू के त्रासदी सिद्धान्त को निरुपित कीजिए ।
8) लोजायनस के उदात्त तत्व का स्वरुप समझाइए ।
9) टी.एस. इलियट के वस्तुनिष्ठ समीकरण पर प्रकाश डालिए ।
10) वर्डसवर्थ के काव्य सिद्धान्त का परिचय दीजिए ।
10) किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए । 5x2=10
   अ) प्लेटो का अनुकरण सिद्धान्त आ) सैम्यूअल जॉनसन
   इ) सम्प्रेषण सिद्धान्त ई) कल्पना सिद्धान्त
   उ) पाश्चात्य आलोचना पद्धति

* * *

Final Year M.A. Degree Examinations
August/September 2009
Directorate of Correspondence Course
(Freshers)

HINDI LANGUAGE
Paper - VIII : Hindi Patrakarita
हिन्दी पत्रकारिता

Time: 3 Hours | Max. Marks: 80

सूचना : किन्हीं **पाँच** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । नवां प्रश्न अनिवार्य है । **15x4=60**

1) भारतीय पत्रकारिता के उदभव और विकास पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए ।

2) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी पत्रकारिता के महत्व और वैशिष्टय पर प्रकाश डालिए ।

3) समाचार संकलन तथा लेखन पर एक निबंध लिखिए ।

4) पत्रकारिता की परिभाषा देते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डालिए ।

5) औद्योगिक एवं साहित्यिक पत्रकारिता के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालिए ।

6) पत्रकार के प्रमुख गुणों की चर्चा करते हुए उसकी योग्यता पर विचार कीजिए ।

7) संपादकीय क्या है ? संपादन-कला के सिद्धान्तों पर एक विवेचनात्मक लेख लिखिए ।

8) प्रजातंत्र में पत्रकारिता का दायित्व' विषय पर अपने विचार लिखिए ।

9) किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए । **5x4=20**

अ) सरस्वती पत्रिका का योगदान
आ) व्यंग्य चित्र
इ) विज्ञापन
ई) पत्रकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
उ) इंटरनेट की पत्रकारिता
ऊ) शीर्षक लेखन

* * *